# अनियंत्रित डंपर घर में घुसा, तीन ग्रामीणों की मौत

**कुरई नवभारत। कुरई थाना क्षेत्र अंतर्गत बादलपार चौकी के ग्राम सर्राहीर्री में शुक्रवार शाम हुए भीषण सड़क हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर तीन हो गई है। तेज रफ्तार और अनियंत्रित डंपर घर के बाहर बैठे ग्रामीणों पर चढ़ गया था, जिसमें दो लोगों की पहले ही मौत हो चुकी थी, जबकि गंभीर रूप से घायल एक अन्य व्यक्ति ने नागपुर में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे में अब तक तीन लोगों की मौत हो चुकी है तथा एक व्यक्ति का उपचार जारी है।**



प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम लगभग 7-45 बजे डंपर क्रमांक एमपी 50 एच 0833 सर्राहीर्री से पिपरवानी (पिंडरई) की ओर जा रहा था। इसी दौरान चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और डंपर सीधे रवि वर्मा के घर में घुस गया। घर के बाहर बैठे चार ग्रामीण इसकी चपेट में आ गए।

हादसे में सुखमाल भलावी (45 वर्ष), पिता गणपत भलावी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी, जबकि रंजीत सरयाम, पिता गोपसिंह सरयाम ने जिला अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। गंभीर रूप से घायल संदीप मर्सकोले (36 वर्ष), पिता बलवान मर्सकोले को नागपुर रेफर किया गया था, जहां उपचार के दौरान उनकी भी मृत्यु हो गई। वहीं चन्द्रभान वर्मा (36 वर्ष), पिता हरिओम वर्मा का उपचार जारी है।

घटना की सूचना मिलते ही कुरई थाना एवं बादलपार चौकी पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। घायलों को तत्काल एम्बुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे के बाद डंपर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त डंपर को जब्त कर बादलपार चौकी में खड़ा करा दिया है। मृतकों के शवों का पंचनामा एवं पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है तथा फरार चालक की तलाश



चार लोगों को रौंदा, एक घायल का नागपुर में उपचार जारी

## आक्रोशित ग्रामीणों के बीच पुलिस ने संभाला मोर्चा

बादलपार चौकी प्रभारी इंजन सिंह मर्सकोले ने बताया कि हादसे के बाद गांव में आक्रोश का माहौल था। सीमित पुलिस बल होने के बावजूद शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार सक्रिय रही। किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए पुलिस ने तत्काल आवश्यक कार्रवाई करते हुए शवों को अस्पताल पहुंचाया तथा आगे की जांच के लिए कुरई पुलिस को मौके पर बुलाया गया।

# भारत का नागरिक अपने मूल अधिकारों से पूर्णत : वंचित

**उगली नवभारत।** सिवनी जिले के अंतर्गत संवेदनशील विधानसभा केवलारी मुख्यालय के अंतिम सीमा पर स्थित ग्राम पंचायत बेलगांव यहां पर एक ऐसे व्यक्ति से गत दिवस मीडिया के बंधु रूबरू हुए।

बेलगांव निवासी गुलाब सिंह ऊइके उम्र 60 वर्ष इस व्यक्ति से प्राप्त जानकारी के अनुसार इनके पास आज के आधुनिकता के दौर में अपनी पहचान बताने के लिए किसी भी प्रकार की दस्तावेज नहीं है, ना मतदाता परिचय पत्र, ना आधार कार्ड, ना राशन कार्ड किसी भी प्रकार के कोई दस्तावेज नहीं है, परिवार में यह और उनकी पत्नी और एक बेटा है, अपनी आपबीती बताते हुऐ, इनके बारे में गांव के सरपंच से जानकारी मिली कि इन्हें वृद्धावस्था पेंशन से भी वंचित रहना पड़ता है। बी एल ओ का कार्य कर रहे हैं श्री भावरें से जब इस संदर्भ में चर्चा किये तो पता चला की पूर्ण दस्तावेज न होने की वजह से परिचय पत्र नहीं बन



सकता। इन्होंने बताया कि इसके पूर्व जिला मुख्यालय में जाकर आधार कार्ड सेंटर में भी इन्होंने संपर्क किया लेकिन आधार कार्ड भी नहीं बना।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इन्होंने तीसरी तक पढ़ाई भी की है, स्कूल सर्टिफिकेट के आधार पर जब उनके दस्तावेजों के लिए स्कूल से संपर्क किया गया तो जानकारी मिली कि पुराने दस्तावेज नहीं है, कुछ मिले भी तो उनको दीमक खा गई, अपनी बदहाली का शिकार गुलाब सिंह ऊइके जो अपने पिता की दो संताने हैं, और उनके पास नौ -दस एकड़ खुद की निजी जमीन भी है, लेकिन एक ही पुत्र जो इनका पालन पोषण भी नहीं करता इनकी खेती किसी को ठेका में देकर खेती-बाड़ी का उपार्जन करता है। गत दिवस बेलगांव ग्राम पंचायत में नेत्र शिविर के आयोजन में पहुंचे एक निजी चिकित्सालय की टीम के पास जब यह पीड़ित व्यक्ति अपनी आंखों का इलाज कराने गए तो वहां पर इसे आधार कार्ड मांगा गया जिसके आधार पर इन्होने बोला कि मेरे पास कोई कागज पत्थर ही नहीं है। मांग है कि गुलाब सिंह ऊइके की मदद करके उनकी मुख्य दस्तावेज शीघ्र बनाये जाये। इस संदर्भ में और प्राप्त जानकारी के अनुसार गुलाब सिंह ऊइके आजीविका पालन के लिए अपने गांव से कहीं दूसरे राज्य चले गए थे लंबा समय वहां बीत जाने के बाद जब गांव वापस लौटे तो इनका गांव की मतदाता सूची से नाम काट दिया गया और इनका आधार कार्ड और अन्य दस्तावेज कुछ भी नहीं बने आज यह बेलगांव पंचायत के अंतर्गत वोट डालने के अधिकार से भी वंचित है.

## एक नजर में

### प्रियांशी जैन नागपुर में हुई सम्मानित



बरघाट। नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी श्री धन्यकुमार जैन की पोती एवं सौरभ जैन, डॉली जैन की पुत्री प्रियांशी जैन, जो कि ब्रह्मविद द ग्लोबल स्कूल रायपुर में अध्ययनरत थी, जिन्होंने सीबीएसई बोर्ड की दसवीं की परीक्षा में 92 प्रतिशत अंक हासिल कर परिवार एवं नगर का नाम गौरवान्वित किया। विगत दिनों उन्हें नागपुर में स्टार प्राइड क्लब द्वारा आयोजित मेरिट उत्सव समारोह में आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। प्रियांशी की सफलता पर सभी ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

### कतिया समाज के पदाधिकारियों ने ली बैठक



सिवनी। मध्यप्रदेश कतिया समाज समिति शाखा सिवनी पंजीयन 10277 के पदाधिकारी अध्यक्ष कृष्णाकुमार डोंगरे, नगर अध्यक्ष दयाराम उर्फ बबलू कौशले, कोषाध्यक्ष डी डी नाग, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष नत्थू राकेश, नवयुवक मंडल के विशाल नागोत्रा, लकी ग्याग्रसिया द्वारा केवलारी, धनोरा और घंसौर क्षेत्र में भ्रमण कर सामाजिक बंधुओं से भेंट किया गया। भ्रमण शुदा ग्राम मुनगापार, केवलारी, डोभ बंदेली, शाहपुरी, छिन्दा सालीवाड़ा, घंसौर, बालपुर, धनोरा, कुडारी, चिरचिरा, मारकावाड़ा, बिनेकी, में सामाजिक बंधुओं से संपर्क कर सामाजिक विषयों पर चर्चा किया गया। इस भ्रमण से सामाजिक बंधुओं में काफी उत्साह मिला जिन्होंने खुशी व्यक्त किए। इसी तरह सामाजिक बंधुओं से संपर्क निरंतर बनाए रखने हेतु बल दिए भ्रमण बहुत ही प्रसन्नता पूर्वक रहा।

### कुशवाहा महासभा की बैठक आज




सिवनी। अखंड भारतीय कुशवाहा महासभा भारत, जिला सिवनी के तत्वावधान में 14 जून को सिवनी में कुशवाहा सामाजिक सम्मेलन 2026 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन का उद्देश्य समाज में एकता, संगठन, शिक्षा, रोजगार, महिला सशक्तिकरण एवं युवाओं के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में कुशवाहा, काछी, माली, सैनी, मौर्य, मरार, शाक्य सहित विभिन्न समाजों के हजारों लोगों के शामिल होने की संभावना है। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान, सामाजिक प्रतिभाओं का अभिनंदन तथा समाज के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। महासभा के राष्ट्रीय संयोजक एवं अध्यक्ष एम.जी. कुशवाहा कुशदीप ने समाज के सभी बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की

### प्रतिबंधित कोर क्षेत्र में मत्स्याखेट, आरोपी गिरफ्तार

सिवनी। पेंच टाइगर रिज़र्व, सिवनी क्षेत्र अंतर्गत वन परिक्षेत्र गेम रेंज गुमतरा (कोर) के गश्ती दल को शनिवार को मुखबिर के माध्यम से प्रतिबंधित कोर क्षेत्र में अवैध प्रवेश एवं मत्स्याखेट की सूचना प्राप्त हुई। वन अमले द्वारा पुलिस दल के साथ संयुक्त रूप से त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलपुलडोह से खमारपानी मार्ग पर नाकाबंदी की गई। इस दौरान बोलेरो वाहन को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें से लगभग 128 कि.ग्रा. मृत मछलियाँ (02 नग जूट के बोरे, 02 नग नायलोन थैले एवं 01 नग प्लास्टिक कैरेट में भरी हुई) बरामद की गईं। इस कार्यवाही में राजू पिता बुधमान विश्वकर्मा, उम्र 35 वर्ष, निवासी मरजातपुर (मौके से गिरफ्तार) तथा शरीफ खान पिता बशीर खान, उम्र 55 वर्ष, वाहन मालिक, निवासी खमारपानी (मौके से फरार) से उक्त सामग्री को जप्त कर वन्यप्राणी अपराध दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपी को माननीय न्यायालय छिंदवाड़ा में प्रस्तुत किया गया है।



# प्री-मानसून की धमाकेदार दस्तक, झमाझम बारिश से मौसम हुआ सुहाना, कई जगह हुआ जलभराव



**सिवनी नवभारत।** जिले भर में प्री-मानसून की पहली झमाझम बारिश से गर्मी से राहत जरूर मिली, लेकिन जल निकासी के खराब इंतजामों के कारण शहर के कई मुख्य इलाके जलमग्न हो गए। मौसम विभाग ने अगले एक हफ्ते तक तेज आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है।

सिवनी में शनिवार शाम को शहर बरघाट समेत अन्य गांव में जोरदार बारिश से मौसम खुशनुमा कर दिया। शाम लगभग पांच-छह बजे से ही घने बादल दिखने लगे थे और अंधेरा छा गया। कुछ देर में ही तेज हवाएं चलने लगी और झमाझम बारिश होने लगी।

मौसम विभाग के अनुसार प्री-मानसून ने जोर पकड़ लिया है। ऐसे में आंधी और बारिश का सिलसिला फिलहाल जारी रहेगा। बता दें कि मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में जिले में तेज आंधी के साथ हल्की बारिश और कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि होने की संभावना जताई है।

एक सप्ताह तक ऐसा ही मौसम रहने के आसार ङ्क लगभग 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। दिन में तापमान 35 से 39 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा पर उमस के कारण यह 40 डिग्री सेल्सियस जैसा महसूस हो सकता है। करीब एक सप्ताह तक ऐसा ही मौसम रहने के आसार हैं।

एक तरफ जहां बारिश ने मौसम खुशनुमा किया। वहीं दूसरी तरफ सिवनी की लचर जल निकासी व्यवस्था की पोल भी खोल दी। पहली ही बारिश में शहर के प्रमुख इलाके जलमग्न हो गए। विवेकानंद वार्ड, टैगोर वार्ड, गंज इलाका, रेलवे स्टेशन इलाकों, हड्डी गोदाम, भैरोगंज समेत अनेक निचले स्थानों पर घुटनों तक पानी भर गया।

# डॉ. सिद्धू ने महिला के पेट से निकाला 6 किलो से अधिक का ट्यूमर

**सिवनी नवभारत।** सेवा के क्षेत्र में एक अनुकरणीय पहल देखने को मिली जब एक पीड़ित महिला तड़पते हुए नगर के प्रमुख सिंधु हॉस्पिटल पहुंची और अपने पेट के दर्द को बयां किया महिला की स्थिति को देखते हुए सिंधु हॉस्पिटल की टीम ने तत्काल भारती कर उक्त महिला का उपचार प्रारंभ किया उपचार के दौरान डॉक्टर के सी मेश्राम ने तत्काल सोनोग्राफी कर उसके पेट में हारमोंस डिस्टर्ब होने के कारण एक बहुत बड़ा ट्यूमर बढ़ने की जानकारी दी जिसको देखने के बाद पूरी टीम ने मिलकर निर्णय लिया कि तत्काल ही उक्त मरीज का ऑपरेशन कर उक्त ट्यूमर को निकालना ही उस महिला के लिए हितकारी होगा।



गौरतलब है कि अस्पताल की टीम ने तत्काल ऑपरेशन की तैयारी की और लगभग 2 घंटे के ऑपरेशन के दौरान देखने में आया कि उक्त महिला के पेट में लगभग 6 किलो 320 ग्राम का ट्यूमर बढ़ रहा था अगर उसे नहीं निकाला जाता तो भविष्य में कैंसर जैसा असाध्य रोग की उत्पत्ति हो सकती थी, अस्पताल की चिकित्सा टीम में के प्रमुख डॉक्टर जी एस सिद्धू डॉक्टर एम एस नागले डॉक्टर केसी मेश्राम डॉक्टर सैयद अली तथा डॉक्टर शुभम एवं सहयोगी समस्त स्टाफ के सहयोग से उक्त ट्यूमर को निकाला गया।

इस संबंध में डॉक्टर जीएस सिद्धू ने बताया कि की उक्त महिला बरघाट विकासखंड की अरी ग्राम पंचायत के निकट अमागढ़ की रहने वाली है जिसका नाम विमला चौरसिया उम्र 52 वर्ष है इस महिला के पूर्व में तीन बच्चे हैं और नसबंदी भी हो चुकी है इसके बावजूद भी हारमोंस डिस्टर्ब होने के कारण यह घटनाकारित हो रही थी जिसे रोकना बहुत जरूरी था इस ट्यूमर के कारण महिला को उठने बैठने एवं अन्य कार्यों में परेशानी हो रही थी लेकिन ऑपरेशन के पश्चात महिला ने बताया कि अब उसे काफी आराम महसूस हो रहा है और उन्होंने सिद्धू अस्पताल के समस्त स्टाफ को इस कार्य के लिए आभार मानते हुए कहा है कि हमारे लिए तो यह अस्पताल किसी मंदिर से काम नहीं है जिसने हमें एक नया जीवन दिया है और आगे भी लोगों से यही आग्रह करेंगे कि वह इस अस्पताल में आकर अपने समस्त रोगों का उपचार कारण और रोग मुक्त हो।

# पूजा-अर्चना के बाद निकली श्याम भक्तों की मोपेड रैली ने नगर में जगाई भक्ति की अलख

**सिवनी नवभारत।** श्री श्याम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत श्री श्याम परिवार समिति द्वारा भव्य मोपेड रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ मठ मंदिर प्रांगण से विधिवत पूजा-अर्चना एवं बाबा श्याम के जयघोष के साथ हुआ। रैली में बड़ी संख्या में श्याम भक्तों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपने वाहनों पर श्याम ध्वज एवं धार्मिक पताकाएं लगाकर नगर भ्रमण किया। रैली मठ मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई नगर के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंची। पूरे मार्ग में जय



श्री श्याम और हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा के जयघोष गूंजते रहे। भक्तों का उत्साह, अनुशासन एवं श्रद्धा भाव देखते ही बन रहा था। जगह-जगह श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों ने रैली का स्वागत कर बाबा श्याम के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। भव्य रैली में महिलाओं, बच्चों, युवाओं एवं श्री श्याम परिवार समिति के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। श्रद्धालुओं का उत्साह और भक्ति भाव पूरे नगर में आकर्षण का केंद्र बना रहा। रैली का उद्देश्य श्री श्याम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का संदेश जन-जन तक पहुंचाना तथा अधिक से अधिक श्रद्धालुओं को इस ऐतिहासिक धार्मिक आयोजन से जोड़ना रहा। नगर भ्रमण के उपरांत यह भव्य मोपेड रैली श्याम धाम स्थित श्री श्याम मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई।

# मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त होना इतिहास का काला अध्याय : नरेश मरावी

**सिवनी नवभारत।** सुश्री मीनाक्षी नटराजन कांग्रेस से राज्यसभा से उम्मीदवार का नामांकन फॉर्म नियम विरूद्ध निरस्त होने पर भाजपा का तानाशाह रवैये को लेकर जिला कांग्रेस कार्यालय इंदिरा भवन में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया।



वार्ता में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी द्वारा कहा गया कि म.प्र. कांग्रेस कमेटी द्वारा साफ छवि की गांधीवादी विचारधारा की अनुसूचित जाति की महिला का राज्यसभा का नामांकन फॉर्म षडयंत्र पूर्वक भाजपा द्वारा सरकारी संस्था का दुरूपयोग कर निरस्त किया गया। वही दूसरी ओर झारखंड के एनडीए उम्मीदवार परिमल नथवानी जिनके नामांकन फॉर्म में कांग्रेस पार्टी ने अनेक खामिया होने पर आपत्ति दर्ज की थी, रिटर्निंग ऑफिसर ने शुरूआत में नथवानी का नामांकन होल्ड किया था, भाजपा के दबाव में नामांकन को निरस्त नही किया, वही दूसरी ओर मीनाक्षी नटराजन का फॉर्म निरस्त कर दिया गया। भाजपा के नियम में खोट उस समय से ही आ गई थी जब उनके पास तीसरे उम्मीदवार को राज्यसभा में पंहुचाने के लिए पर्याप्त वोट नही था उसके बाद भी उन्होंने महेश का नामांकन का फॉर्म जमा कराया। उसके बाद कांग्रेस के अनेक विधायकों को करोड़ो रूपयों का प्रलोभन वोट डालने के लिए दिया गया। जब भी बात नही बनी तो उन्होंने आपत्ति दर्ज कर रिटर्निंग ऑफिसर के माध्यम से सुश्र मीनाक्षी नटराजन का नामांकन फॉर्म निरस्त किया। फॉर्म निरस्त होते ही प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, दिग्विजयसिंह, मीनाक्षी नटराजन, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और विधायक शाम से ही प्रदेश निर्वाचन कार्यालय पंहुचना प्रारंभ हो गए, जहॉं उन्हें अंदर नहीं जाने दिया गया, उन्होंने रात भर कार्यालय के सामने धरना दिया, अगले दिन भी निर्वाचन अधिकारियों ने मिलने से इंकार कर दिया। दिल्ली में भी अ.भा.कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़ेगे, के.सी.वेणूगोपाल, अधिवक्ता विवेक तन्खा, अभिषेक मनुसिंघवी, प्रदेश के बडे नेता, विधायक महामहिम राष्ट्रपति से मिलने दिल्ली गए, उनके द्वारा कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल से मिलने का समय नहीं दिया गया। फॉर्म निरस्त किए जाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई गई, सुप्रीम कोर्ट ने भी सुनने से इंकार कर दिया गया। इसके बाद कांग्रेस पार्टी के पास एक ही रास्ता बचता है कि लोकतंत्र का चैथा स्तंभ के माध्यम से भाजपा द्वारा की जा रही लोकतंत्र की हत्या एवं संविधान विरोधी कार्यो को जनता तक पंहुचाया जाए।

पत्रकार वार्ता में जेपीएस तिवारी, जिला कांग्रेस संगठन महासचिव हाजी मो. हनीफ अंसारी, राजिक अकील, शिवदीप डेहरिया सहित बडी संख्या में पत्रकार गण उपस्थित रहें।

# डीएपी के स्थान पर एनपी खाद का किया जा रहा वितरण

**सिवनी नवभारत।** नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा जिले की समस्त सेवा सहकारी सोसाइटियों को आगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए डीएपी आवंटित करने के निर्देश दिए गए हैं लेकिन देखा जा रहा है कि विभाग द्वारा सोसाइटियों को डिमांड के अनुसार आवंटन नहीं दिया जा रहा है जिसके कारण किसान परेशान है। देखा गया कि सिवनी जिला मुख्यालय के निकट ग्राम लखनवाड़ा में आने वाली लगभग 25 पंचायत के अंतर्गत ग्रामों के लोगों को डीएपी 18146 जिसकी कीमत प्रति बोरी 1350 रुपए है जो कि किसानों को आवंटित की जाना चाहिए लेकिन देखने में आ रहा है कि लगभग 15 दिनों से डीएपी 18 146 के स्थान पर एनपी के 20 20 13 प्रदाय की जा रही है जिसकी कीमत 2100 प्रति बोरी है इसी तरह एनपी 1232 16 जिसकी कीमत 1900 है वह प्रदान की जा रही है जो किसानों के जेब पर अतिरिक्त बोझ है। सूत्रों का कहना है कि विभाग के पास डीएपी 18146 स्टॉक में होने के बावजूद भी उसे दबाया जा रहा है जिससे किसान नाराज हैं। इसी बात को लेकर ग्राम पंचायत लखनवाड़ा अंतर्गत आने वाली सरकारी सेवा सहकारी समिति से जुड़े मोहन सिंह ठाकुर, निरंजन ठाकुर, कारीरात, प्रेमचंद सनोदिया, कराया विजय बघेल, जैतपुर कला सतीश ठाकुर लखनवाड़ा, सतवंत सनोदिया भडांरपुर, ने मांग की है कि उन्हें डीएपी खाद तत्काल प्रदान की जाए।



**परेशानी** बार-बार ट्रिपिंग से कारोबार ठप, रातभर जागने को मजबूर लोग

# उमस भरी गर्मी में बिजली की अघोषित कटौती से छिन गया सुकून

**घंसौर नवभारत।** तहसील मुख्यालय घंसौर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों भीषण गर्मी में अघोषित बिजली कटौती और बार-बार हो रही ट्रिपिंग से आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी और उमस के बीच घंटों बिजली गुल रहने से लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। नगर के साथ-साथ तहसील क्षेत्र के कई गांवों से भी रात-रात भर बिजली आपूर्ति बाधित रहने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं।




स्थानीय लोगों का कहना है कि दिन और रात में कई बार बिजली बंद हो जाती है, जिससे लोगों की दिनचर्या पूरी तरह प्रभावित हो रही है। उमस भरी गर्मी में पंखे, कूलर और अन्य विद्युत उपकरण बंद रहने से बच्चे, बुजुर्ग और मरीज सबसे अधिक परेशान हैं। रात के समय बिजली आपूर्ति बाधित होने से लोगों की नींद प्रभावित हो रही है, वहीं मच्छरों का प्रकोप बढ़ने से बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। बिजली संकट का असर छोटे व्यापारियों और स्वरोजगार से जुड़े लोगों पर भी पड़ रहा है। फोटोकॉपी सेंटर, वेल्डिंग कार्य, कंप्यूटर वर्क, आटा चक्की तथा अन्य विद्युत आधारित व्यवसाय घंटों तक ठप रहने से व्यापारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। व्यापारियों का कहना है कि लगातार बिजली बाधित रहने से ग्राहकों का विश्वास भी प्रभावित हो रहा है। वहीं बिजली कटौती के कारण पेयजल व्यवस्था पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। बिजली न होने से पानी की मोटरें और जल प्रदाय योजनाएं नियमित रूप से संचालित नहीं हो पा रही हैं, जिससे नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट की स्थिति बनने लगी है। बिजली विभाग का कहना है कि आवश्यक मेंटेनेंस कार्यों के चलते समय-समय पर बिजली आपूर्ति प्रभावित हो रही है। दूसरी ओर स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि लंबे समय से मेंटेनेंस के नाम पर केवल खानापूर्ति की जाती रही है, जिसके कारण अब बार-बार ट्रिपिंग और अघोषित कटौती की समस्या सामने आ रही है। लोगों का कहना है कि विभागीय लापरवाही का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन और बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से बिजली व्यवस्था में सुधार, अघोषित कटौती पर रोक लगाने तथा स्थायी समाधान सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि भीषण गर्मी के इस दौर में लोगों को राहत मिल सके।

# कुरई में संकल्प -कौशल एवं डिजिटल शिक्षा केंद्र का शुभारंभ

**सिवनी नवभारत।** जिले के कुरई में स्थापित 'संकल्प- कौशल एवं डिजिटल शिक्षा केंद्र' का उद्देश्य वंचित एवं जरूरतमंद समुदायों के बच्चों और युवाओं को शिक्षा, डिजिटल साक्षरता एवं कौशल विकास के अवसर प्रदान करना है। यह केंद्र ग्रामीण युवाओं को रोजगारोन्मुखी कौशल प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने और उनके लिए बेहतर भविष्य के नए अवसर सृजित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



इस अवसर पर संजय नागर, संस्थापक, कोहका फाउंडेशन ने कहा, संकल्प, कोहका फाउंडेशन द्वारा पिछले 15 वर्षों से शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों का स्वाभाविक विस्तार है। सिवनी, मध्य प्रदेश में स्थापित इस केंद्र के माध्यम से हमारा प्रयास ग्रामीण युवाओं को डिजिटल ज्ञान, व्यावहारिक कौशल और आत्मविश्वास प्रदान करना है, ताकि वे अपने और अपने परिवार के लिए बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकें।

प्रोजेक्ट संकल्प कोहका फाउंडेशन और एटोस सॉल्यूशंस एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड की साझा सोच और प्रतिबद्धता का परिणाम है। अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत एटोस ने शिक्षा एवं कौशल विकास के माध्यम से समाज में सकारात्मक और स्थायी परिवर्तन लाने के उद्देश्य से कोहका फाउंडेशन के साथ साझेदारी की है। फ्रांस मुख्यालय वाली एटोस एक अग्रणी वैश्विक आईटी कंपनी है, जिसमें विश्वभर में 74,000 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं। प्रोजेक्ट संकल्प के माध्यम से एटोस समाज के वंचित वर्गों को सशक्त बनाने और समावेशी विकास को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत कर रहा है।